शुक्रवार
18 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



लिट्टी चोखा खाने के साथ संपन्न हुई पंचकोशी परिक्रमा, आज साधु संतों को दी जाएगी विदाई 4



## छोटी खबरें

### बीपीएससी 67वीं पीटी में 11607 अभ्यर्थी सफल

**पटना।** बीपीएससी 67वीं पीटी का परिणाम जारी हो गया है। इसमें 11 हजार 607 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। सफल अभ्यर्थी बीपीएससी की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। बता दें कि 802 पदों के लिए बीपीएससी 67वीं की परीक्षा हो रही है। सफल अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में इंटरव्यू देंगे। बता दें कि बिहार प्रशासनिक सेवा समेत विभिन्न विभागों के लिए 802 पदों पर बीपीएससी 67वीं की पीटी परीक्षा 30 सितंबर को हुई थी। इस परीक्षा के परिणाम को लेकर कई दिनों से खबर चल रही थी। गुरुवार को अधिकारिक रूप से परिणाम जारी हुई। जिसमें 11 हजार 607 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

### मैनपुरी में डिंपल के पक्ष में प्रचार करें कार्यकर्ता : शिवपाल

**मैनपुरी।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का साथ अखिलेश यादव को मिल गया है। उन्होंने मैनपुरी उपचुनाव में सपा का साथ देने का एलान किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि जिस बाग को सींचा हो खुद नेता जी ने... उस बाग को अब हम सीचेंगे अपने खून पसीने से...। साथ ही प्रसपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य यादव ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं से अपील की कि मैनपुरी लोस क्षेत्र चुनाव में डिंपल यादव के पक्ष में चुनाव प्रचार किया जाए। उन्होंने कहा कि आज नेताजी हमरे साथ नहीं हैं। ऐसे में उनकी सीट को बचाना हमारा का दायित्व है। मैनपुरी लोस चुनाव बहुत भावुक क्षण है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज शिवपाल यादव से उनके आवास पर मुलाकात की और समर्थन मांगा। शिवपाल ने सपा को समर्थन करने का एलान कर दिया है। मैनपुरी उपचुनाव के लिए सपा की तरफ से डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है।

### कैमूर 4 अपराधी गिरफ्तार मिली 2500 राउंड गोली

**मोहनिया।** पटना एसटीएफ की गुप्त सूचना के आधार पर कैमूर पुलिस व एसटीएफ की टीम ने चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 2500 राउंड गोली, एक देसी मस्कट को बरामद किया है। सभी अपराधी यूपी से कार पर सवार होकर रोहतास की तरफ जा रहे थे। जहां पुलिस की टीम ने मोहनिया टोल प्लाजा के पास चारों अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद यूपी से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। गुरुवार की सुबह मोहनिया टोल प्लाजा के पास पुलिस ने एक अल्टो कार को रोकवाया। कार के भीतर ड्राइवर समेत चार लोग बैठे हुए थे। वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा में गोली देखकर पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमे अलग-अलग बंदूकों के 2500 राउंड गोली और मास्केट बरामद हुआ।

## बक्सर में लिट्टी-चोखा के लिए उमड़ी भीड़



लिट्टी चोखा रूपी प्रसाद ग्रहण करने के लिए बक्सर के किला मैदान में गुरुवार को हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। पंचकोशी परिक्रमा के उपलक्ष्य में इसका आयोजन किया जाता है।

# बक्सर के कोरानसराय थाना में बुजुर्ग ने लगाई फांसी, थाना प्रभारी सस्पेंड

**कोरानसराय।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कोपवां गांव में बच्चों के बीच विवाद के बाद हुई मारपीट मामले में पुलिस ने गांव के ही यमुना सिंह (70 साल) को गिरफ्तार किया था। बुधवार की रात बुजुर्ग ने कोरानसराय थाना के कंप्यूटर रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना में हुई बुजुर्ग की मौत की घटना से आहत उनके परिवार व गांव के अन्य लोग आक्रोशित हो गए। गुरुवार की अहले सुबह ही सभी एकत्रित हुए और कोपवां गांव के पास डुमरांव-बिक्रमगंज पथ को जाम कर दिया। सभी थाना प्रभारी जुनैद आलम पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। इस बीच जाम की सूचना मिलने और किसी अनहोनी को देखते हुए बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, बीडीओ संतोष सिंह, सीओ अंकिता सिंह व विभिन्न थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया है।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार यमुना सिंह के परिवार और भोला पासवान व मिथलेश पासवान के परजिन के बीच 14 अक्टूबर 2022 को बच्चों के खेल-खेल में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि इसने मारपीट का रूप ले लिया। इसी घटना में थानाध्यक्ष जुनैद आलम द्वारा मृतक को गिरफ्तार कर हाजत में बंद किया गया था। जहां उन्होंने आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार यमुना सिंह काफी आत्मसम्मान वाले व्यक्तित्व के आदमी थे। वहीं पुलिस सूत्रों की मानें तो यमुना सिंह कंप्यूटर रूम में लगे पंखे में गमछा बांध कर फांसी लगाई है।

केशव टाइम्स की स्पेशल रिपोर्ट पेज तीन पर...



पीटत-पीटत ले गईल रहन थाना प्रभारी, साहेब करीं केस

# टैक्स चोरी मामले में मंत्री समीर महासेठ के रिश्तेदार के ठिकानों पर आयकर का छापा

**कसा शिकंजा:** साकार कंस्ट्रक्शन कंपनी के बोरिंग रोड स्थित दफ्तर पर आयकर की टीम ने खंगाले कागजात

**एजेंसी\पटना**

आयकर विभाग की टीम ने कर चोरी के मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए गुरुवार को बिहार सरकार में राजद कोटे से मंत्री समीर महासेठ के रिश्तेदार की कंपनी साकार कंस्ट्रक्शन नाम की कंपनी के बोरिंग रोड स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। इस कंपनी में 7 डायरेक्टर और 1 एमडी हैं। इस कंस्ट्रक्शन कंपनी में रवि भूषण, उषा अग्रवाल, विष्णु कुमार चौधरी, रवि तलवार, जितेंद्र नाथ गुप्ता, स्मिता चौधरी और सुप्रिया कुमार बतौर डायरेक्टर हैं। वहीं, सुदीप कुमार साकार कंस्ट्रक्शन कंपनी में एमडी हैं। हालांकि अब तक हुई छापेमारी में मंत्री समीर महासेठ के कनेक्शन होने की जानकारी नहीं मिल पाई है। इस कंपनी में मंत्री की कोई हिस्सेदारी है या नहीं, इसकी भी सूचना नहीं मिल सकी है। आयकर विभाग साकार बिल्डर पर शिकंजा कसने की तैयारी में छापेमारी कर रहा है। आयकर विभाग के छापे से बिहार में खलबली मची हुई है।




### यह मामला मुझसे संबंधित नहीं : समीर महासेठ

समीर महासेठ बिहार के ही मधुबनी जिले के निवासी हैं। इनके पिता राजकुमार महासेठ कई बार विधायक रहे और मंत्री भी बने थे। समीर महासेठ खुद भी दो बार विधायक रहने के बाद इस बार महागठबंधन सरकार बनने पर मंत्री बनाए गए। वैसे 2003 से 2009 तक एमएलसी के रूप में भी बतौर जन-प्रतिनिधि चर्चा में रहे हैं। समीर महासेठ के रेस्तरां, पार्टी हॉल आदि का पटना में भी बिजनेस है। विधानसभा से कुछ ही दूरी पर दशकों से सोन भवन में इनका प्रसिद्ध आम्रपाली रेस्तरां है। छापेमारी के संबंध में समीर महासेठ ने कहा कि आयकर अधिकारी मेरे दूर के रिश्तेदार जितेंद्र जी के खिलाफ जांच के सिलसिले में पटना में मेरे घर आए थे। मुझे पता चला है कि आयकर अधिकारी पहले से ही पटना और अन्य जगहों पर मेरे रिश्तेदार से जुड़े परिसरों पर तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपको एक बात स्पष्ट रूप से बता दूं कि यह मामला न तो मुझसे संबंधित है और न ही मेरे परिसर की तलाशी ली जा रही है। कहा कि आयकर अधिकारी उनके आवास पर आए और उन्होंने उनके रिश्तेदार के बारे में पूछताछ की।

### भागलपुर में जीएसटी टीम ने संजीवनी क्लासेस कोचिंग में की छापेमारी, पकड़ी गई टैक्स चोरी

भागलपुर में जीएसटी टीम ने गुरुवार को एक कोचिंग संस्थान में छापेमारी की। इस दौरान कई गड़बड़ियां पाई गई है। मामला बरारी थाना क्षेत्र के छोटी खंजरपुर के मुख्य भारतीय रिजर्व बैंक के पास संजीवनी क्लासेस का है। जहां जीएसटी टीम ने कोचिंग संचालक हरिओम से गहन पूछताछ की और आवश्यक अभिलेख मांगे। इसमें पाया गया कि उक्त कोचिंग संस्थान के द्वारा कभी भी किसी भी प्रकार की टैक्स सरकार को नहीं भरा गया है। इनके द्वारा सरकार की टैक्स की संस्थान के संचालन से ही चोरी किया गया है। इस कोचिंग संस्थान में आईआईटी, मेडिकल सहित कई अन्य कंपटीशन की तैयारी कराई जाती है।

### केंद्र के इशारे पर 2024 तक पड़ते रहेंगे ऐसे छापे : तेजस्वी

इस बीच, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव का डर है। इसलिए वह विपक्षी नेताओं पर छापेमारी कर रही है। उन्हें एहसास हो रहा है कि 2024 में उनकी सरकार चली जाएगी। 2024 तक इस तरह के छापे पड़ते रहेंगे। तेजस्वी ने कहा, आप देख रहे हैं कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के साथ क्या हो रहा है। हर कोई जानता है कि यहां क्या हो रहा है और कौन कर रहा है, जनता सब जानती है।

## रिश्वतखोर ड्रग इंस्पेक्टर के घर से मिले सोने की कटोरी-चम्मच



**केटी न्यूज/पटना**

पटना में एक ड्रग इंस्पेक्टर पर निगरानी की टीम ने छापा मारा है। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन के घर से सोने की कटोरी-चम्मच और नकद रुपए मिले हैं। बताया जा रहा है कि छापेमारी में कई जमीनों के पेपर भी मिले है। टीम की कार्रवाई जारी है। टीम ने सीतामढ़ी में नवीन कुमार को 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

इसके बाद बाद टीम उसे सीतामढ़ी से पटना लेकर आई। पटना आवास पर सर्चिंग शुरू की। यहां पर सोने की कटोरी और चम्मच मिले। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि कटोरी और चम्मच चांदी के हैं, उस पर सोने का पानी चढ़ाया गया है। विजिलेंस को ड्रग इंस्पेक्टर के पटना के घर से 90 हजार कैश, 7.49 लाख के सोने-चांदी की ज्वेलरी व दूसरे सामान मिले हैं। 2 प्रॉपर्टी के पेपर भी मिले हैं। ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार ने 2 मेडिकल दुकानदारों से 2 लाख 75 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद इसकी निगरानी को सूचना मिली और निगरानी टीम घटनास्थल पर पहुंचकर 2 लाख रुपए के साथ ड्रग इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि एक मेडिकल कंपनी के भौतिक सत्यापन के लिए विनोद कुमार सिंह से 75 हजार की मांग की गई थी। मुकेश कुमार से 2 लाख की मांग की गई थी।

### रेलवे ट्रैक को बाधित करने के आरोप में दर्ज मुकदमे वापस लेगा रेलवे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने नए कृषि कानूनों के विरोध में चले किसान आंदोलन में रेलवे ट्रैक को बाधित करने के आरोप में दर्ज मुकदमों को वापस लेने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान बिल के विरोध में 24 सितंबर से 12 दिसंबर तक पूर्व मध्य रेल में कई मामले दर्ज किए गए थे। पांचों मंडलों धनबाद, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सोनपुर, दानापुर एवं समस्तीपुर में रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 34 मामले दर्ज किये गये थे। इनमें 24 मामले अब तक विभिन्न न्यायालयों में सुनवाई के लिए विचाराधीन थे। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि रेल मंत्रालय ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए कृषि कानून के विरोध में पंजीकृत मामले, जो न्यायालयों में सुनवाई के लिए विचाराधीन हैं, उन सभी मामलों को अविलंब वापस लेने का आदेश जारी किया है। इसके अनुपालन में रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल हाजीपुर द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों को वापस लेने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी गयी है।

## कथित अवैध खनन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में झारखंड के सीएम से ईडी ने की पांच घंटे पूछताछ

# ईडी की जांच पर बोले हेमंत-यह सरकार को अस्थिर करने की साजिश

- हेमंत सोरेन ने कहा कि ईडी के आरोप निराधार
- अवैध खनन घोटाले में ईडी ने हेमंत सोरेन के दो करीबियों को गिरफ्तार किया था
- ईडी ने पूछताछ के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पंकज मिश्रा को लेकर सवाल-जवाब किए

**एजेंसी/रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के सामने पेश हुए। इससे पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस पर ईडी पर निशाना साधा। हेमंत सोरेन ने कहा कि ईडी के आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि जब से एजेंसी जांच कर रही है, जो आरोप लगे हैं वो कहीं से संभव प्रतीत नहीं होते। कहीं न कहीं एजेंसियों को जांच करने के बाद भी कोई ठोस निर्णय या ठोस आरोप लगाना चाहिए था। सोरेन से ये पूछताछ कथित अवैध खनन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में हो रही है। देश में यह संभवतया पहला मामला है, जब प्रवर्तन निदेशालय किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री से पूछताछ हो रही है। झारखंड के कथित अवैध खनन घोटाले में ईडी ने हेमंत सोरेन के दो करीबियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने पूछताछ के लिए झारखंड के सीएम को समन भेजा। ईडी ने पूछताछ के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पंकज मिश्रा को लेकर सवाल-जवाब किए हैं। जानने का प्रयास रहा है कि क्या वे पहले से पंकज को जानते थे या नहीं, क्या उसके गैरकानूनी धंधों से वे पहले से अवगत थे? हेमंत सोरेन ने कहा कि यह और कुछ नहीं बल्कि सरकार को अस्थिर करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल भी राजनीति का हिस्सा बन गए हैं। लोकतंत्र की भावना बरकरार रहनी चाहिए। संवैधानिक पद पर बैठे लोग जिम्मेदार से काम लें।

प्रवर्तन निदेशालय पहुंचने से पहले प्रेस कांफ्रेंस में झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि इस संबंध में मैंने एक पत्र ईडी को भेजा है कि किस प्रकार से 1000 करोड़ के घोटाले का जो जिक्र साहेबगंज जिले से आया है वो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि जब से एजेंसी जांच कर रही है, जो आरोप लगे हैं वो कहीं से संभव प्रतीत नहीं होते। कहीं न कहीं एजेंसियों को जांच करने के बाद भी कोई ठोस निर्णय या ठोस आरोप लगाना चाहिए। मैं सीएम हूं जिस प्रकार से तलब करने का कार्रवाई चल रही है, लग रहा है कि हम देश छोड़कर भागने वाले लोग हैं। ईडी की पूछताछ से पहले रांची में बड़ी संख्या में जेएमएम समर्थक जुटे थे। इसे देखते हुए ईडी दफ्तर में सुरक्षा के बड़े इंतजाम किए गए थे।

झारखंड में कथित खनन घोटाले में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। ईडी ने पंकज मिश्रा को 19 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। मिश्रा के अलावा इस मामले में बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश को भी आरोपी बनाया गया है। दोनों को 4 और 5 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। दोनों न्यायिक हिरासत में हैं। प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर ईडी ने 24 अगस्त को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को झारखंड पुलिस की दो एके 47 राइफल भी मिली थीं। ईडी ने इससे पहले हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में 11.88 करोड़ रुपये सीज किये थे। इससे पहले ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी।

**ईडी ने चार्जशीट की दाखिल:** ईडी ने कोर्ट के सामने 16 सितंबर को चार्जशीट दाखिल की थी. ईडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल का बयान भी दर्ज किया है. इसमें कथित तौर पर कहा गया है कि उनकी मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने पंकज मिश्रा को संथाल परगना से पत्थर और रेत खनन से आने वाला धन सीधे प्रेम प्रकाश को सौंपने के लिए कहा था। ईडी की चार्जशीट के मुताबिक, 8 जुलाई को ईडी को छापेमारी के दौरान पंकज मिश्रा के आवास से मिले दस्तावेजों में सोरेन की पासबुक भी है। ईडी के मुताबिक, एक बंद लिफाफे में पासबुक और दो चेक बुक मिली हैं, जिनमें दो चेक पर हस्ताक्षर भी हैं। हेमंत सोरेन का बैंक ऑफ इंडिया साहिबगंज में खाता है।

## एक नजर

### तीसरी बार भी जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध मनोनित हुए रणधीर पटेल




**जहानाबाद।** ग्रामीण के जदयू प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी राजेश मालाकार एवं प्रखंड पर्यवेक्षक कौशलेंद्र वर्मा के नेतृत्व में 16 नवंबर को रघु सरोज बिएड कॉलेज में संपन्न हुआ। जिसमें निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष रणधीर पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के निर्देश पर पूरे बिहार के प्रखंडों एवं नगर इकाईयों में जदयू का सांगठनिक चुनाव हो रहा है और इसी कड़ी में जहानाबाद ग्रामीण में चुनाव कार्य संपन्न हुआ। जिसमें श्री पटेल के विरोध में किसी कार्यकर्ता ने निर्धारित समय पर नामांकन दाखिल नहीं किए। इसलिए निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं श्री पटेल ने सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि आपने आपसी सहयोग से उन्हें तीसरी बार प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। जिसमें सरकार और संगठन के बीच सेतु का काम किया जाएगा। साथ ही, आप कार्यकताओं के सहयोग से पार्टी के नीति, सिद्धांत और विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। रणधीर पटेल के मनोनयन पर जदयू नेता सन्नी यादव, बैजनाथ शर्मा, रामनरेश कुशवाहा, नरेंद्र किशोर शर्मा, रिंकी मालाकार, मनोज चंद्रवंशी, नरेंद्र पासवान, अरुण चंद्रवंशी, संजीव कुशवाहा, रामप्रवेश कुशवाहा, जुडागी मांझी, सहित सैंकड़ों कार्यकताओं ने बधाई दी।

### बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ गोपगुट ने ओपीएस के लिए संघर्ष का किया ऐलान



**अरवल।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ गोपगुट के तृतीय जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों द्वारा उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखने के लिए एक संघर्षशील संघ के निर्माण के लिए पुनः संघ के पदाधिकारियों का गठन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य सचिव उमेश कुमार सुमन ने सभी पदाधिकारियों से उनके कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने और संघर्ष के साथ संघ के सभी कार्यों को सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण समर्पण देकर संघ को और गति प्रदान करने के लिए संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का आह्वान किया। मुख्य अतिथि उमेश कुमार सुमन ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए जो भी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं, वह कर्मचारी विरोधी हैं और कर्मचारियों का शोषण करने का कार्य करते हैं। अतः सरकार से कर्मचारियों के हित में सभी समस्याओं का निदान करने के लिए एक मजबूत संघ की आवश्यकता हमेशा से ही रही है और भविष्य में भी होगी। सम्मेलन में अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन के माध्यम से सरकार द्वारा उनकी समस्याओं को अनदेखा किए जाने पर खेद व्यक्त किया और उन सभी समस्याओं को हल करने के लिए एक मजबूत संघ बनाने का संकल्प लिया। जिला सम्मेलन में जिले के शिक्षक संघ, किसान सलाहकार संघ, रसोईया संघ, चकबंदी कर्मचारी संघ आदि संघ सम्मिलित हुए।

### दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त दोषी करार



**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय में गुरुवार को दुष्कर्म और छेड़खानी से संबंधित मामलों की सुनवाई हुई। एक मामले में कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में अभियुक्त को दोषी करार दिया, जबकि एक अन्य छेड़खानी के मामले में सजा बिंदु पर सुनवाई करते हुए दो साल की सजा सुनाई। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे प्रथम मनोज कुमार की अदालत ने मामले में एक अभियुक्त आदित्य कुमार निवासी करनसराय, सासाराम को दोषी करार दिया है। इस मामले में कोर्ट आगामी 29 नवंबर को सजा के बिंदु पर अपना फैसला सुनाएगी। जबकि पंद्रह वषीर्या नाबालिग लड़की से छेड़खानी से जुडे एक मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एडीजे सात सह विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम दशरथ मिश्रा की अदालत ने दोषी पाये अभियुक्त विक्की कुमार, निवासी मौनिया बिगहा, डालमियानगर, डेहरी को दो हजार रुपये अर्थदंड सहित दो साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया की उक्त घटना 15 मई 2018 को घटी थी जहां गांव के हीं अभियुक्त द्वारा नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया था।कोर्ट ने अभियुक्त को भादवि की विभिन्न धाराओं एवं पाक्सो अधिनियम की धारा 12 में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

### अपराधियों ने एक व्यक्ति को मारी गोली, रेफर



**सासाराम।** जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र में इंद्रपुरी-डेहरी रोड पर गुरुवार को एक युवक को गोली मारकर अपराधी फरार हो गए। घायल अक्षय पासवान उम्र 42 साल को गंभीर हालत में इलाज के लिए डेहरी अनुमंडल अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि घायल राजमिस्त्री का काम करता है। वह डेहरी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डिलियां गांव निवासी विजय पासवान का बेटा है। घायल ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि खैरा ग्राम के संजय सोनी ने गोली मारी है। वह उसे काम दिलाने के नाम पर बाइक पर बैठाकर इंद्रपुरी रोड में लाया फिर सुनसान देख उसे गोली मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। वहीं बड़ी संख्या में घायल के परिजन और ग्रामीण अनुमंडल अस्पताल पहुंच गए हैं। घायल के बेटे रूपेश पासवान ने बताया के खैरा गांव का संजय सोनी का बेटा सन्नी सोनी उसके पिता को काम करने के लिए कह कर ले गया था, गोली क्यों मारी इसकी जानकारी नहीं है। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे डेहरी मुफ्फसिल थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि घायल के बयान पर गोली मारने वाले युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया है।

### दुकान संचालक ने की आत्महत्या की कोशिश

**जहानाबाद।** शहर के ठाकुरबारी मोहल्ले में नरेश प्रसाद नामक व्यक्ति किराना दुकान चलाता था। दुकान चलाने के लिए कई लोगों से सुद पर पैसा ले रखा था। इस व्यक्ति की अचानक मृत्यु हो गई इसके बाद बेटे एवं पत्नी पर घर चलाने की जिम्मेदारी आ गई । बेटा धीरज कुमार एवं पत्नी अनीता देवी दुकान संचालन करने लगी लेकिन सूदखोरों द्वारा लगातार पैसे की मांग करने लगे आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अनीता देवी पैसे देने वालों से कहा कि कुछ दिनों का मोहलत दे दीजिए, लेकिन सूदखोरों द्वारा इसके परिवार पर दबाव बनाया जाने लगा। दुकान पर जाकर अनाप-शनाप बात कही। जिसके कारण अनीता देवी काफी डिप्रेशन में आ गई और घर में रखे विभिन्न बीमारियों की दवाई को एक साथ खाकर आत्महत्या की कोशिश की।

# आकाश की हत्या में फरार तीन आरोपितों के घरों पर चला कानून का हथौड़ा

- तीनों आरोपितों के घरों की खिड़की और दरवाजे तक उखाड़ ले गयी पुलिस
- मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में गुरुवार को तीन आरोपितों के घर की गयी कुर्की
- बुधवार को कोर्ट द्वारा छह आरोपितों के विरुद्ध कुर्की आदेश

**केटी न्यूज/आरा**



कुर्की जब्ती करते पुलिस जवान



घर को टूटा दरवाजा

जिलामुख्यालय के नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी जेडीयू जिला उपाध्यक्ष भीम पटेल के भतीजे आकाश पटेल की हत्या के आरोपितों खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को विक्की यादव सहित तीन आरोपितों के घरों पर कानून का हथौड़ा चला। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस द्वारा इन आरोपितों के घर के सभी सामानों को जब्त कर लिया गया। खिड़की और दरवाजे तक पुलिस उखाड़ ले गयी। इसे लेकर काफी संख्या में पुलिस बल मौके प मौजूद थी। पुलिस के अनुसार पहले

भोला जी के गली निवासी विक्की यादव, शिवम राजपूत और डाक्टर लक्ष्मी चरण के गली निवासी राहुल जयकर के घर कुर्की की गयी। बता दें कि पूर्व के झगड़ा के विवाद में 12 नवंबर की शाम शीतल टोला में जेडीयू नेता भीम पटेल के भाई अमरजीत भाई पटेल और भतीजा आकाश पटेल को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की घटनास्थल मौत हो गयी थी, जबकि भाई अमरजीत पटेल का इलाज चल रहा है। उसे लेकर छह नामजद जबकि पांच-छह अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गिरफ्तारी नहीं होने के बाद पुलिस द्वारा कुर्की के लिए कोर्ट गयी थी। उस पर कोर्ट द्वारा बुधवार को छह आरोपितों के खिलाफ कुर्की का आदेश दिया गया था। उसके बाद गुरुवार को तीन आरोपितों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गयी।

**कुर्की के लिए काफी संख्या में मौजूद रही पुलिस :** कोर्ट द्वारा आरोपितों के खिलाफ कुर्की के आदेश को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से दो मजिस्ट्रेट तैनात किये गये थे। एसडीओ लाला ज्योतिनाथ शाहदेव की ओर से मजिस्ट्रेट के रूप में बाल संरक्षण पदाधिकारी वीर अभिमन्यु और सदर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मनोज मिश्रा को प्रतिनियुक्ति किया गया था। इधर, मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कुर्की के अवसर प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और दारोगा विजय कुमार सहित अन्य अफसर मौजूद थे। पुलिस लाइन से भी काफी संख्या में जवान तैनात थे। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि तीन आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।?

# भोजपुर में तीन साल के मासूम लवकुश की हत्या, तीसरे दिन कुएं से मिला शव

- परिजनों का पूर्व के जमीन विवाद में बच्चे को अगवा कर हत्या करने का आरोप
- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा कि कैसे की गयी हत्या

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मैना टोला गांव में दो रोज से लापता तीन साल के मासूम की हत्या कर दी गयी। उसका शव गुरुवार की शाम गांव के बधार स्थित कुएं से बरामद किया गया।? मृत बच्चा मैना टोला गांव निवासी मदन सिंह का पुत्र लवकुश कुमार था। वह मंगलवार की शाम से ही लापता था। इधर, देर शाम बच्चे का शव मिलने से गांव में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

बच्चे का पिता मदन सिंह द्वारा गांव के ही कुछ लोगों पर पूर्व के जमीन विवाद में बच्चे को अगवा कर हत्या कर शव कुएं में फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस भी हत्या मान कर चल रही है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि इस मामले मे एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। बच्चे की हत्या कर शव को कुएं मे फेंके जाने की बात सामने आ रही है। परिजनों की ओर से पूर्व के जमीन विवाद में हत्या किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। हर एंगल से जांच की जा रही है। आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी भी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद क्लीयर हो सकेगा कि हत्या कैसे की गयी है।

### खेलने के दौरान घर के बाहर से गायब हो गया था बच्चा

बताया जा रहा है कि मैना टोला निवासी तीन साल का लवकुश मंगलवार को शाम करीब 4 बजे अपने घर के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान वह अचानक गायब हो गया। देर तक वह नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसके बाद थाने को सूचना दी गयी और अपहरण का केस किया गया। उस आधार पर पुलिस द्वारा भी खोजबीन की गयी। उसके बावजूद उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की शाम गांव के लोग बधार की ओर जा रहे थे। तभी कुएं में एक बच्चे के शव को तैरते देखा। सूचना मिलने पर बच्चे के परिजन पहुंचे। पुलिस भी पहुंची और शव कुएं से बाहर निकाला गया। घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया है। तनाव भी बढ़ गया है।

### दो भाइयों में सबसे छोटा था लवकुश, घर में मचा कोहराम

इधर, लवकुश का शव मिलने से घर में कोहराम मच गया है। मंगलवार की शाम बच्चे के लापता होने के बाद से ही घर का माहौल गमगीन बना हुआ था। ऐसे में गुरुवार की शाम शव मिलते ही रोना-धोना मच गया। बेटे के वियोग में मां ललिता देवी बेहाल थी। बताया जा रहा है कि मासूम लवकुश दो भाइयों में सबसे छोटा था। 6 वर्षीय बड़ा भाई का नाम रवि कुमार है। घटना के बाद मृतक की मां ललिता देवी, चाचा ददन सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपने बेटे की मौत के गम में पिता मदन सिंह और मां ललिता देवी के आंखों से आंसू ही सूख गया था।

### सोन में बालू खनन के दौरान टूटा कच्चा बांध बहाव में बहा पोकलेन

**सासाराम।** जिले के नासरीगंज थाना के अमियावर में सोन नद में बालू खनन करने के लिए बनाया गया कच्चा बांध टूट गया। जिससे दो पोकलेन मशीन पानी के तेज बहाव में बह गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अमियावर क्षेत्र में लंबे समय से बालू खनन होता रहा है। बालू खनन करने के लिए सोन नदी में बालू का कच्चा बांध बनाकर घेर दिया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बालू खनन किया जा सके। बांध बनाने में दो पोकलेन मशीन लगी थी, कि बनाया गया बांध का तट टूट गया, जिससे तेज गति से पानी आने लगा और पोकलेन डूबने लगा। चालक ने गाड़ी को बाहर निकालने की कोशिश परंतु वह कामयाब ना हो सका। अंततः पोकलेन को डूबता देख चालक ने केद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। नासरीगंज थाना प्रभारी सुभाष कुमार ने बताया कि अमियावर के बालू घाट में पानी के तेज प्रवाह में पोकलेन मशीन के डूबने की सूचना है। खनन कंपनी के द्वारा जानकारी नहीं दी गई है।

# स्वास्थ्य केन्द्रों के निमार्णाधीन भवन को प्राथमिकता पर पूर्ण करें : सचिव

- स्वास्थ्य विभाग के सचिव के. सेंथिल कुमार ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार के. सेंथिल कुमार ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें संबंधित पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। बैठक में सर्वप्रथम बताया गया कि स्वास्थ्य उप केन्द्र में भवन निर्माण कार्य संचालित किया जाना है, जिसमें 11 कार्य प्रारंभ है, 04 स्वास्थ्य केन्द्र हेतु भूमि उपलब्ध नहीं है, जिसमें सोहरया, लाखापुर, कसई एवं बेला विरा चिह्नित है। जिसके लिए सचिव महोदय द्वारा जिला पदाधिकारी को अपर समाहत्रा एवं संबंधित अंचल अधिकारी से अविलम्ब भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। कार्यकारी एजेंसी द्वारा बताया गया कि किनारी एवं सरता में फिनिसींग कार्य चल रहा है। जो माह फरवरी, 2023 तक हैण्डओवर कर दिया जाएगा। सचिव महोदय ने निदेश दिया कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर रखते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करेंगे और कार्य में प्रगति लाऐंगे। साथ ही, कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि काको में स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु जो भूमि चिह्नित किया गया था, वो कम था।

### सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी, इलाजरत

**अरवल।** आरा और अरवल जिला को जोड़ने वाली सहार पुल पर साइकिल सवार युवक को ट्रक ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों ने युवक की स्थिति चिंताजनक बताई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अरवल से सहार की तरफ जा रहा था। तभी ट्रक ने ओवरटेक के दौरान साइकिल सवार को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना सदर थाने की पुलिस को ग्रामीणों ने दी है। पुलिस भी युवक की पहचान करने में जुटी हुई है। इधर डॉक्टरों द्वारा शुरूआती उपचार की गई है डॉक्टर ने बताया कि युवक के पास पहचान के लिए कोई भी आइडी कार्ड भी नहीं हैं।

### कोचिंग संस्थान में सेल टैक्स विभाग की टीम ने मारा छापा, मचा हड़कंप



**के टी न्यूज/जहानाबाद**

गुरुवार को सेल टेक्स विभाग की टीम के द्वारा एक कोचिंग संस्थान छापेमारी की गई छापामारी से कोचिंग संचालकों में हड़कंप व्याप्त हो गया छापामारी अभियान में जुटे अधिकारियों ने बताया कि गुड्स एंड सर्विस टैक्स के अंतर्गत कोचिंग संस्थानों को भी टैक्स भुगतान किया जाना है लेकिन जहानाबाद जिले में अब तक किसी भी कोचिंग संस्थान के द्वारा ना तो ही रजिस्ट्रेशन कराया गया है और ना ही टैक्स का भुगतान किया जा रहा है, जिसको लेकर यह छापेमारी अभियान चलाया गया है और शहर के फिदा हुसैन रोड स्थित मिश्रा कोचिंग क्लासेस में सेल टैक्स विभाग की टीम कागजात की जांच करते हुए कार्रवाई कर रही है ,जांच अधिकारी ने बताया कि बिहार के अलग-अलग जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है जहानाबाद जिले में आज गुरुवार को पहला कोचिंग संस्थान जहाँ विभाग की टीम छापेमारी कर रही है।

# पराली जलाने वालों को 3 वर्षों तक नहीं मिलेगा कृषि योजनाओं का लाभ

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अन्तर्विभागीय कार्य समूह की हुई बैठक
- अब तक कुल सात कम्बाईन हार्वेस्टर के मालिकों को संचालन के लिए दी गई है अनुमति

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



फसल अवशेष प्रबंधन हेतु कृषि विभाग के निदेशानुसार गुरुवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित अन्तर्विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि जिले के किसानों द्वारा मजदूरों के अभाव में फसलों विशेषकर धान/गेहूं के कटनी के उपरांत फसल अवशेष (खुट्टी/पुआल/भूसा आदि) को खेतों में ही जला दिया जाता है। किसानों द्वारा खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी, स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के बारे में उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। जिला कृषि पदाधिकारी ने फसल कटाई के उपरान्त फसल अवशेषों को खेतों में जलाए जाने की घटना की रोकथाम हेतु कृषि विभाग द्वारा किए जाने वाले प्रयासों तथा निदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि खरीफ मौसम में धान फसल की कटनी के पूर्व कम्बाईन हार्वेस्टर के मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें फसल अवशेष को खेतों में न जलाने हेतु सचेत करने तथा इस आशय की घोषणा-पत्र प्राप्त करने के उपरांत ही कम्बाईन हार्वेस्टर मशीन संचालन की अनुमति प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

**किसानों को पराली नहीं जलाने हेतु किया जाएगा जागरूक :** जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि सभी कम्बाईन हार्वेस्टर के मालिकों के साथ बैठक कर फसल अवशेष को खेतों में नहीं जलाने को कहा गया है। जिनके खेत में फसल कटनी किया जाए उन किसानों को पराली नहीं जलाने हेतु जागरूक किया जाय। अभी तक कुल सात कम्बाईन हार्वेस्टर के मालिकों को संचालन हेतु अनुमति प्रदान की गई है। फसल अवशेषों को जलाने की घटना को रोकने के लिए किसानों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर किसानों को जागरूक किया जाएगा तथा बार-बार फसल अवशेष जलाए जाने की घटना घटित होने पर सम्बन्धित कृषि समन्वयक को उत्तरदायी बनाए जाने का निर्देश दिया गया। फसल अवशेष प्रबन्धन से सम्बन्धित बैनर, स्लोगन तथा दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाना है। सार्वजनिक तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर इसे शीघ्र ही लगा दिया जाएगा।

**फसल अवशेषों को सड़ाकर खाद या वर्मी कम्पोस्ट का होगा निर्माण :** खेतों में फसल अवशेषों को जलाए जाने पर सम्बन्धित किसानों का पंजीयन तीन वर्षों के लिए रद्द करने हेतु डीबीटी कोषांग को अनुशंसा किए जाने का प्रावधान है तथा उक्त कृषक आगामी तीन वर्षों के लिए कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ नहीं ले सकेंगे।

जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मनरेगा योजना के तहत फसल अवशेषों को खेतों में सड़ाकर खाद अथवा वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कराया जाय तथा फसल कटनी के उपरांत पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के लिए विकसित यंत्रों- हैप्पी सिडर, रोटरी सीडर, रोटरी मलचर, बेलर, स्ट्रा रीपर आदि के प्रयोग द्वारा फसल अवशेषों के प्रबन्धन करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया।

### जमीन के विवाद में युवती को चाकू मारा, जख्मी

**भभुआ।** जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के कशेर गांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा एक युवती को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल युवती को परिवार वालों और ग्रामीणों द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया जहां चिकित्सकों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है। घायल युवती भगवानपुर थाना क्षेत्र के कसेर गांव के गुड्डू सिंह की 18 वर्षीय पुत्री गौरी कुमारी बताई जा रही है। पीड़िता की मां ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में भूमि विवाद चल रहा था जहां परिवार के बाबा को लोगों द्वारा घर में बंद करके रखा गया था। जब हम लोग उनसे मिलने के लिए जाते थे तो वह लोग झगड़ा करने पर उतारू हो जाते थे। जिसको लेकर हमने कैमूर एसपी को भी सूचित किया था। उनके द्वारा कहा गया था कि आप लोग जाकर उनसे मिलीये ।

# पीटत-पीटत ले गईल रहन थाना प्रभारी, साहेब करीं केस

## कोरानसराय थाना में बुजुर्ग की मौत से मचा बवाल, पोते ने एसपी से बताई थाना प्रभारी की करतूत

- एसपी ने परिजनों से कहा- लिखित में दीजिए मैं खुद करूंगा एफआईआर
- घटना के बाद एसपी नीरज सिंह ने थानेदार को किया सस्पेंड, जांच व विभागीय कार्यवाही शुरू
- मामले की होगी कड़ी जांच, गिरफ्तारी के लिए थानेदार के साथ गए जवानों पर कार्रवाई तय



थाना में बुजुर्ग की मौत के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आस-पड़ोस के लोग उन्हें ढांढस बंधा रहे थे लेकिन उनके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।



कोपवां के पास सड़क जामकर बैठे परिजनों से बात करते एसपी, एसडीओ, बीडीओ।



घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने डुमरांव-बिक्रमगंज मार्ग को जाम कर दिया था।

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार की शाम कोपवां से गिरफ्तार किए गए 70 वर्षीय जमुना सिंह की थाना परिसर के कंप्यूटर कक्ष में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने उन्हें एससी एसटी एक्ट के तहत बुधवार की शाम को ही गिरफ्तार किया था तथा मध्य रात्रि उनकी मौत होने की जानकारी मिली। उनका शव कंप्यूटर कक्ष में लगे पंखे से झूलते मिला था। फंदे के तौर पर उनकी धोती गर्दन व पंखे के बीच लटकी थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही उनके परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा कोपवां के पास एनएच 120 को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई थी। आनन फानन में एसपी नीरज कुमार सिंह कोपवां पहुंचे। इस दौरान उनके बेटे अरूण कुमार सिंह उर्फ पिंटू तथा पोते सन्नी ने थानेदार, चौकीदार व डुमरांव के प्रभारी डीएसपी पर उनकी पीटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए उनलोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराने की मांग करने लगे। मृतक के पोते ने एसपी से रोते हुए कहा कि सर बुधवार की शाम चौकीदार के साथ बड़ा बाबू (थानाध्यक्ष जुनैद आलम) आइल रहले, आ पीटत पीटत हमरा दादा के थाना पर ले गईले..., पोते ने कहा कि थानाध्यक्ष ने उनकी पीटकर हत्या कर दी है। उसने साक्ष्य के तौर पर एसपी को एक वीडियो भी दिखाया, जिसमें थानाध्यक्ष जुनैद आलम व अन्य पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार करने के बाद मृतक जमुना सिंह के साथ मारपीट की थी। जिसके आधार पर परिजनों ने थानेदार पर एफआईआर की मांग की। इस वीडियो को देखने के बाद एसपी ने कहा कि आप आवेदन लिखकर दीजिए मैं खुद एफआईआर दर्ज करूंगा। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी से मिले संकेतों के अनुसार थानाध्यक्ष पर विभागीय कार्रवाई के साथ न्यायिक

जांच भी बैठायी जाएगी। वहीं, मानवाधिकार आयोग को भी पत्र

लिखा जाएगा। एसपी के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। इस दौरान करीब पांच घंटे तक जाम लगा रहा।

### थानाध्यक्ष की अदूरदर्शिता से तिल का ताड़ बना बच्चों का विवाद

मिली जानकारी के अनुसार बीते 14 अक्टूबर को कोपवां गांव के मध्य विद्यालय में बच्चों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया था। इसी विवाद में शाम में उनके अभिभावक भी कूद पड़े थे। इस दौरान दलित बस्ती के मिथिलेश लोगों ने जहा घर में घुस मारपीट व जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए यमुना सिंह समेत कुल 22 लोगों पर जबकि दूसरे पक्ष के सुशील कुमार ने भी इस पक्ष के दर्जन भर से अधिक नामजद लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज कराया था। हालांकि इस घटना के बाद यमुना सिंह के परिवार के लोग एसपी से मिल उन्हें आवेदन भी दिए थे और बताया कि यह मामला महज बच्चों का विवाद है। एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन भी दिया था। लेकिन यही से शुरू होती है कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम की अदूरदर्शिता। बच्चों के इस विवाद का पटाक्षेप कराने की बजाए खुद थानेदार एक पक्ष के तरफ से दूसरे पक्ष को प्रताड़ित करने लगे थे। इसी दौरान बुधवार की शाम वे चौकीदार तथा पुलिस टीम के साथ पहुंच 70 वर्षीय वृद्ध को न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि उनके परिजनों और ग्रामीणों के सामने पीटते हुए थाना लाए। जानकारों का कहना है कि थानाध्यक्ष की अदूरदर्शिता से ही बच्चों के विवाद की यह घटना तिल का ताड़ बन गई।

### पांच घंटे तक ठप रहा डुमरांव-बिक्रमगंज पथ पर आवागमन

इस घटना के बाद सुबह पांच बजे से ही ग्रामीणों ने कोपवां गांव के पास एनएच 120 को जाम कर दिया था। इस कारण डुमरांव-बिक्रमगंज पथ पर वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया था। जिस कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सुबह-सुबह इस प्रमुख सड़क के जाम होने से नौकरीपेशा लोगों तथा स्कूल, कॉलेज व कोचिंग जाने वाले छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना। एसपी व एसडीएम के आश्वासन के बाद जब ग्रामीणों ने जाम हटाया तो इसके बाद सड़क पर परिचालन को सुचारू करने में पुलिस को घंटे भर मशक्कत करनी पड़ी।

### घटना के बाद पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था थाना

इस घटना के बाद कोरानसराय थाने की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। ग्रामीणों के संभावित प्रतिक्रिया को देखते हुए जिलेभर की पुलिस को कोरानसराय थाना पर बुलाया गया था। अहले सुबह से ही कोरान सराय थाना परिसर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। हालांकि पुलिस प्रशासन की यह आशंका निर्मूल साबित हुई। ग्रामीण थाना पर पहुंचने के बजाए कोपवां के पास डुमरांव बिक्रमगंज पथ को जाम कर दिए थे। बावजूद वरीय पदाधिकारियों ने काफी एहतियाती कदम उठाए थे।

## आत्महत्या के मामले की लीपापोती करने की फिराक में थे थाना प्रभारी जुनैद आलम

- एसपी को सुबह तीन बजे फोन कर कहा- आरोपी की बिगड़ गई है तबीयत
- बुजुर्ग के पोते ने एसपी से फोन पर कहा कि दादा ने कर ली है आत्महत्या

**केटी न्यूज/बक्सर**

थानाध्यक्ष के दुर्व्यवहार से खिन्न व आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने के बाद यमुना सिंह द्वारा थाना के कंप्यूटर कक्ष में फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त करने के बाद जुनैद आलम अपनी गलतियों पर पर्दा डालने के लिए मामले की लीपापोती में जुट गए थे। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा रहा है कि वे तीन बार पंखे से लटकने का असफल प्रयास किए थे।

चौथी बार में फंदे पर झूल गए। जिससे उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद अहले सुबह तीन बजे उन्होंने एसपी नीरज कुमार सिंह को फोन कर बताया कि वृद्ध की तबीयत बिगड़ गई है और उसे लेकर अस्पताल जा रहे हैं। जबकि मृतक के पोते ने थोड़े देर बाद ही फोन कर एसपी को सूचना दी कि उसके दादा ने थाना में फांसी लगा ली है। इससे साफ जाहिर होता है कि वे एसपी से झूठ बोले थे। इसके बाद 4:55 में वे शव लेकर सदर अस्पताल बक्सर पहुंचे, जहां डॉ. राजेश रंजन ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। थानाध्यक्ष अपनी गलतियों को छिपाने के लिए एसपी तक से झूठ बोल दिए। जबकि सूत्रों की मानें तो यमुना सिंह ने मध्य रात्रि के बाद ही फांसी लगा ली थी। हालांकि एसपी के सख्त रुख अख्तियार करने करने व परिजनों के विरोध प्रदर्शन के बाद थानेदार अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके।



बुजुर्ग की मौत से आहत उनके समधि नंदजी सिंह बीच सड़क पर ही लेट गए थे।



भीड़ कहीं थाना पर हमला न कर दे, इसी आशंका पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा था।

## कोरानसराय थाना में वृद्ध की संदिग्ध मौत से पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल

- थाने में हाजत होने के बावजूद कंप्यूटर कक्ष में आरोपित को बंद करने की क्यों पड़ी आवश्यकता
- मृतक के परिजन लगा रहे पुलिस पर पीट-पीट कर मार डालने का आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

कोरानसराय थाने में बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में हुई वृद्ध की मौत से कई अनुत्तरित सवाल हवा में तैर रहे हैं। पुलिस इसे कंप्यूटर रूम में आरोपित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कह रही है, तो मृतक के स्वजन पुलिस पर पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगा रहे हैं।

अब सबकी निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज पर टिकी है ताकि घटना की वास्तविक तस्वीर सबके सामने आ सके, परंतु यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि थाने में हाजत रहने के बावजूद पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपित को टेबल, पंखे से सुसज्जित कंप्यूटर कक्ष में क्यों रखा गया। हालांकि फिलहाल इसका उत्तर पुलिस के पास नहीं है, लेकिन लोग अपने स्तर से इसका भिन्न अर्थ निकाल रहे हैं। चूंकि निलंबित थानाध्यक्ष जुनैद आलम का ओवरएक्टिंग सर्वविदित है और इस घटना के पीछे भी लोग उनकी घोर लापरवाही को जिम्मेदार मान रहे हैं।

बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व कोपवां गांव में बच्चों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर कोरानसराय थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में स्थानीय गांव के यमुना सिंह की गिरफ्तारी हुई थी।



परिजनों से बात करते डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज।

### पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के जिगरी दोस्त थे यमुना सिंह

## परिवार के मुखिया की मौत की खबर सुन नहीं रुक रहे थे परिजनों के आंसू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुजुर्ग की मौत की घटना के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवारिक सूत्रों ने बताया कि घर में उनके तीन बेटे, पत्नी व नाती-पोते हैं। परिवार के सबसे बुजुर्ग होने के नाते वे ही पूरे परिवार का संचालन करते थे। परिवार के सदस्य उनके प्रति आदर रखते थे। यही कारण है कि उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही मृतक की पत्नी शिवकुमारी देवी, पुत्र अरुण कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, मनीष सिंह तथा मुकेश सिंह के अलावे पोता सन्नी सिंह समेत पूरा परिवार बदहवास था। उन्हें इस बात का भरोसा नहीं हो रहा था कि उनके घर के मुखिया ने फांसी लगा ली है। देर तक उनके नाते रिश्तेदार पूरे परिवार को ढांढस बंधाते रहे। सबसे बुरा हाल मृतक की पत्नी शिवकुमारी देवी का था। बुढ़ापे में पति का साथ छूटने तथा वैधव्यता के कलंक से मानो उन्हें काठ मार गया था। वह कुछ बोल नहीं पा रही थीं। यही हाल परिवार के अन्य सदस्यों का भी था। यमुना सिंह की मौत के बाद सभी गहरे सदमें में थे।

**वशिष्ठ नारायाण सिंह जब भी गांव आते यमुना सिंह के साथ घंटों समय बिताते थे:** थाना परिसर में फांसी के फंदे पर लटकने वाले यमुना सिंह समृद्ध व प्रतिष्ठित परिवार के थे। गांव के साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में उनका रुतबा था। इसी गांव के रहने वाले तथा जदयू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा के पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के जिगरी दोस्त थे। वशिष्ठ नारायण सिंह जब भी गांव आते थे तो इनके साथ घंटों समय बिताते थे।

### थानेदार जुनैद का मोबाइल लोकेशन व सीडीआर सार्वजनिक हो

मृतक के पुत्र अरुण कुमार सिंह ने एसपी से थानेदार जुनैद आलम का मोबाइल का सीडीआर खंगालने की मांग की, साथ ही कहा कि थानेदार का मोबाइल लोकेशन और सीडीआर सार्वजनिक हो। क्यौंकि जुनैद आलम थानेदार नहीं अपराधी है। जो कहीं से भी स्टेशन डायरी मेंटेन करा सकता है।



कोरानसराय थाना पर हमले की आशंका को लेकर गेट पर तैनात पुलिसकर्मी।



घटना के बाद मोर्चा संभाले बक्सर एसपी।

## जिले में दागदार रहा है कोरानसराय थानेदार जुनैद आलम का दामन

**केटी न्यूज/बक्सर**

कोरानसराय थाना के निलंबित थानेदार जुनैद आलम की छवि जहा दागदार रही है, वहीं, सूत्रों का कहना है कि पुलिस महकमें में उनकी मजबूत पैठ भी रही है। इसकी बदौलत उनपर लगे सभी आरोपों को दरकिनार करते हुए उन्हें विभिन्न थानों का थानाध्यक्ष बनाया जाता रहा है। बता दें कि नावानगर का थानाध्यक्ष रहते हुए उनपर थाना की जमीन बेचने का संगीन आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस महकमे की बड़ी किरकिरी हुई थी। तब इन पर विभाग ने कार्रवाई भी की थी। लेकिन जल्द ही वे अपनी विभागीय साठ-गांठ की बदौलत सिमरी के थानेदार बनने में सफल रहे।

यहां भी विवादों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। बल्कि प्रतिबंधित मांस कारोबारियों के साथ संलिप्तता के आरोप में उनपर एक बार फिर कार्रवाई हुई थी। लेकिन कुछ दिनों के बाद भरियार ओपी तथा वहां से फिर कोरानसराय का थानाध्यक्ष बना महकमे ने उनके गुनाहों पर मानों पर्दा डालने का काम किया।

### मादक पदार्थों के तस्कर, शराब के अवैध धंधे में शामिल कुख्यातों से साठ-गांठ का भी आरोप

कोरानसराय थाने की कमान संभालते ही उनपर लगातार आरोप लगे हैं। सबसे अधिक आरोप मादक पदार्थों के तस्कर, शराब के अवैध धंधे में शामिल कुख्यातों व हथियार सप्लायरों से साठगांठ के साथ ही भू माफियाओं को संरक्षण देने के लगे हैं। बताया जाता है कि अकसर उनका फोटो या वीडियो तस्करों तथा माफियाओं के साथ वायरल होते रहा है। इसकी बानगी बीते स्वतंत्रता दिवस के दिन देखने को भी मिली थी, जब इलाके के एक चर्चित मादक पदार्थ के तस्कर के साथ थाना परिसर में उनकी तस्वीर वायरल हुई थी। संयोग से कुछ दिनों के बाद ही दूसरे थाने की पुलिस द्वारा उक्त तस्कर को गिरफ्तार किया गया था।



थानेदार जुनैद आलम फाइल फोटो

### थानेदार के कार्यकाल में हेरोइन व शराब की अवैध तस्करी का फल फूल रहा था धंधा

जानकारों की मानें तो उनके कार्यकाल में इलाके में हेरोइन व शराब तस्करी का धंधा फल फूल रहा था। हाल ही में ग्रामीणों ने उनपर तस्करों, भू-माफियाओं तथा अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगा वरीय पदाधिकारियों से शिकायत भी की थी। लेकिन वरीय पदाधिकारी कार्रवाई करने की जगह मौन बैठे रहे। जबकि कोपवां में ही एमवीआई को उनके पट्टीदारों के जमीन पर जबरन कब्जा दिलाने का मामला भी सुर्खियों में रहा है। इस मामले में उनपर कई गंभीर आरोप लगे थे। पुलिस विभाग द्वारा इन आरोपों के बाद भी उनपर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते विभाग उनपर कार्रवाई करता, तो यमुना सिंह की जान नहीं जाती।



सड़क जाम की सूचना पर पहुंचे एसडीएम।

## फटाफट खबरें

### धान क्रय से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**बक्सर।** जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में जिला आपूर्ति विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए होने वाली धान अधिप्राप्ति से संबंधित शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए सहकारिता विभाग बिहार सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 18001800110 जारी किया गया है। जो एक नवंबर 2021 से क्रियान्वित है। इस हेल्पलाइन नंबर का उपयोग धान अधिप्राप्ति से संबंधित जानकारी प्राप्त करने एवं अधिप्राप्ति से संबंधित शिकायत करने के लिए किया जा सकता है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार सरकार से निर्गत आदेश के आलोक में बक्सर जिले में दिनांक 15 नवंबर से ही धान अधिप्राप्ति प्रारंभ है।

### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने स्थानीय हाई स्कूल के पास से 30 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर भोजपुर जिला अंतर्गत आयर थाना क्षेत्र के भेड़री गांव के अशोक यादव एवं विजेन्द्र महतो है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरा-मोहनिया हाईवे से गिरफ्तार शराब तस्कर बोरी में गैलेन छिपाकर शराब की खेप ले जा रहे थे। जिसकी भनक पुलिस को मिल गई। जिसके बाद पुलिस ने सोनवर्षा हाई स्कूल के पास वाहन जांच अभियान चलाने लगी। इसी बीच बाइक से शराब की खेप लेकर तस्कर आते दिखे। पुलिस को देखते ही दोनों तस्कर भाग निकलने की कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस के जवानों ने दोनों को धर दबोचा। साथ ही बोरी की तलाशी लिया। तलाशी के दौरान बोरी से दो गैलेन बरामद हुआ। जिसमें तीस लीटर महुआ शराब था। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### प्रतापसागर में मामूली बात पर हुआ विवाद, तीन जख्मी

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के प्रतापसागर गांव में एक दुकानदार द्वारा मामूली बात को लेकर दंपत्ति सहित उसके बेटे की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में प्रतापसागर गांव की रहने वाली पीड़िता नागेंद्र यादव की पत्नी गुड़िया देवी ने दुकानदार सहित आधा दर्जन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़िता के पुत्र अनीश कुमार प्रतापसागर में किराना कारोबारी यमुना साह के दुकान पर सामान खरीदने पहुंचा।

# पुलिस की मिलीभगत और उदासीन रवैया के कारण बढ़ रहे भूमि विवाद के मामले

- पुलिस की तत्परता से भूमि विवाद के गंभीर मामलों में हो सकती है सुलह

**केटी न्यूज/डुमरांव**



हत्या के दो दिन पहले राहुल सिंह ने डुमरांव थाना को आवेदन देकर अपनी जान पर खतरे की आशंका जताते हुए जान माल की रक्षा की गुहार थानाध्यक्ष से लगाई थी। लेकिन पुलिस ने इस मामले को हल्के में लिया।

डुमरांव पुलिस की इस लापरवाही की कीमत राहुल को महज 48 घंटे में अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। भूमि विवाद के मामले में पुलिस की उदासीनता के किस्से सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। पिछले दिनों खिरिया ब्रह्म बाबा के पास एक जमीन पर हुई गोलीबारी मामले में भी डुमरांव पुलिस की लापरवाही सामने आई थी। इस जमीन विवाद मामले गोलीबारी से पूर्व एक पक्ष के संतोष चौबे थाना में बैठकर अपना फरियाद कर रहे हैं। उधर जमीन पर गोलीबारी का मामला हुआ और पुलिस ने थाना में बैठे संतोष चौबे को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर के रमेश केसरी का कहना है कि बरसो पूर्व खरीदे गए जमीन पर एक अपराधी चरित्र के भू माफिया ने गलत ढंग से रजिस्ट्री करा कर पुलिस से सांठगांठ कर न सिर्फ जमीन पर कब्जा जमा लिया बल्कि उस जमीन पर अपराधी चरित्र के लोगों के साथ पिस्टल भी लहराया।

शहर में ऐसे मामले चंद उदाहरण मात्र है। अंदर की स्थिति बेहद भयावह है। शहर में अपराधी और पुलिस गठजोड़ भूमि विवाद के आग में घी का काम कर रहा है।

शहर में सक्रिय अपराधी गिरोह कुछ अपने तो उससे भी अधिक पुलिस व प्रशासन के दम पर बेखौफ होकर विवादित जमीन में अपने कदम बढ़ाते हैं। आश्चर्य की बात यह कि पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार पदाधिकारी इन अपराधी चरित्र के भू माफियाओं के एक इशारे पर अपना कर्तव्य भूल कर आगे पीछे चलने को तैयार रहते हैं। यही वजह है कि स्थानीय थाना के इर्द गिर्द हर समय भू माफिया सक्रिय रहते हैं। सक्रिय भू माफिया पुलिस प्रशासन के सहयोगी की भूमिका में नजर आते हैं।

### भू-माफियाओं से पुलिस को भी होती है मोटी कमाई

जमीन का विवाद शहर की पुलिस की मोटी कमाई का जरिया है। पुलिस को जमीन विवाद का बेसब्री से इंतजार रहता है। लाखों के कीमती जमीन पर जैसे ही विवाद का आवेदन प्राप्त होता है पुलिस की बांछें खिल जाती है। क्योंकि ऐसे मामले में पुलिस को दोनों तरफ से दोनों हाथ भरपूर बैटिंग करने का मौका मिलता है। यह स्थिति डुमरांव पुलिस के अलावे नया भोजपुर ओपी पुलिस के साथ भी है।

## बक्सर के किला मैदान में पूरे दिन उठता रहा धुंआ, पैर रखने तक की नहीं थी जगह

# लिट्टी चोखा खाने के साथ संपन्न हुई पंचकोशी परिक्रमा, आज साधु संतों को दी जाएगी विदाई

- लाखों श्रद्धालुओं ने बक्सर में लिट्टी चोखा बना किया ग्रहण

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के किला मैदान में लिट्टी सेंकती महिलाएं।

गुरूवार को बक्सर में लिट्टी चोखा के प्रसाद के साथ ही पांच दिवसीय पंचकोशी परिक्रमा पूर्ण हो गई। लिट्टी चोखा खाने के बाद पंचकोशी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था परंपरागत रूप से बसांव मठ स्थित विश्राम कुंड पर रात्रि विश्राम किया। शुक्रवार को परिक्रमा में शामिल हुए साधु संतों को अंग वस्त्र व दक्षिणा दे विदा किया जाएगा। अंतिम दिन सुबह से ही पंचकोशी का उल्लास पूरे बक्सर में देखने को मिला। नगर का आकाश एवं सड़क पर धुएं से भर गया था। आलम यह था कि चरित्रवन में श्रद्धालुओं के पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान के साथ ही चरित्रवन के चप्पे-चप्पे पर दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु लिट्टी चोखा बना कर खा रहे थे। एक जत्था वहां से हटता तो दूसरा तुरंत लिट्टी चोखा बनाने बैठ जाता था। इसके पहले लोग परंपरा का निर्वहन करते हुए गंगा स्नान भी कर रहे थे। सुबह से देर शाम तक यह सिलसिला जारी था।

एक अनुमान के मुताबिक लाखों श्रद्धालुओं ने पंचकोशी के अंतिम दिन बक्सर पहुंच लिट्टी चोखा खाया है। यहां पहुंचने वालों में खुशी का माहौल कायम था। धुएं के कारण दमघोटु बने वातावरण में भी श्रद्धालु हाथ में खाना बनाने के सामान लिए खाली जगह की तलाश में जुटे हुए थे। जहां वे लिट्टी-चोखा तैयार कर इस पुरानी परंपरा व संस्कृति के साक्षी बन सकें। लिट्टी चोखा की परंपरा के निर्वहन में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण चरित्रवन का दायरा कम हो गया था।

**जगह के लिए भटकते रहे लोग :** इस प्राचीन परंपरा व संस्कृति के मनाने के लिए लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु एक छोटी जगह के लिए भटकते नजर आ रहे थे। प्रसाद के रूप में लिट्टी-चोखा बनाने के लिए चरित्रवन से लेकर हर जगह पाकशाला ही बन गया था। इसके पहले अहले सुबह पंचकोसी परिक्रमा बड़का नुआंव से निकलकर चरित्रवन स्थित पांचवे पड़ाव विश्वामित्र मुनी के आश्रम पहुंचा। जहां अपराह्न में विराट संत सभा का आयोजन श्रीनिवास मंदिर में किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष व बसांव मठाधीश्वर अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज, लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत राज गोपाल आचार्य जी महाराज, श्री निवास मंदिर के दामोदर आचार्य के अलावे कूल शेखराचार्य जी, भोला बाबा, श्रीसीताराम विवाह आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज समेत अन्य मौजूद थे।

### स्टेशन व बस स्टैंड पर रही लोगों की भीड़

वहीं पंचकोशी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ बढ़ गई थी। आरपीएफ भी काफी मुश्तैद थी तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे दिन मशक्कत करते रही। इस दौरान आरपीएफ टीम का इस बात पर भी ध्यान था कि श्रद्धालु रेलवे ट्रैक पर विचरण न कर सके। वहीं, रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंडो तथा सड़क पर भी भीड़ था। वहीं, दूसरी तरफ सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने भी अपने समर्थकों के लिए लिट्टी चोखा के भोज का आयोजन किया था। जिसमें सैकड़ों समर्थक शामिल हुए थे।

# पराली जलाने वाले दो किसानों पर कार्रवाई, तीन वर्षों तक कृषि विभाग की योजनाओं से हुए वंचित

- खेतों में पराली जलते देख जिला कृषि पदाधिकारी ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**



जांच करते कृषि पदाधिकारी व अन्य

निर्देश के बावजूद पराली जलाना जिले के दो किसानों को महंगा पड़ गया है। मामला सदर प्रखंड का है। बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने किसानों के खेत में जला हुआ पराली पाया। उन्होंने सम्बंधित क्षेत्र के कृषि समन्वयक व अन्य कर्मियों को बुलाकर पुष्टि कराया गया।

पराली जलाने का सत्यापन कर डीएओ मनोज कुमार ने दलसागर पंचायत के बेलाउर ग्राम के किसान नारायण बीन पिता परमेश्वर बीन तथा तिवारीपुर गांव के किसान कृष्ण मुरारी तिवारी पिता सिद्धनाथ तिवारी पर पराली जलाने का आरोप गठित कर करवाई की गई है।

डीएओ मनोज कुमार ने कृषि समन्वयक प्रसुन्न सौरभ द्वारा किसान एवं उनके परिवार का किसान पंजीकरण तीन वर्षो के लिए ब्लॉक कर दिया। किसान पंजीकरण ब्लॉक हो जाने पर किसान एवं उनके पूरे परिवार को तीन वर्षो तक कृषि एवं कृषि से सम्बद्ध विभाग से जारी कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। डीएओ ने कहा कि यह अभियान ग्राम स्तर तक चलाया जायेगा। सभी कृषि समन्वयक व किसान सलाहकार को निर्देशित किया गया है।

# 24 को आयोजित शिविर में चर्म रोगियों का होगा मुफ्त इलाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**



चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर कुमार

अनुमंडल मुख्यालय स्थित सुमित्रा कॉलेज रोड स्थित ढेलवानी मोड़ के पास स्थित कुमार अथोपैंडिक मल्टिस्पेशलिटी अस्पताल में 24 नवंबर को चर्म रोगियों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें पटना के मशहूर चर्म रोग विशेषज्ञ डा रविशंकर कुमार द्वारा चर्म रोगियों की मुफ्त जांच कर उन्हें जरूरी सुझाव दिया जाएगा। अस्पताल संचालक डा जैनुल होदा उर्फ बब्लू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में चर्म रोगियों की संख्या अधिक है। जबकि अच्छे डॉक्टरों के अभाव में उन्हें चर्म रोगों के इलाज के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शिविर के आयोजन की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरूवार 24 नवंबर को यह शिविर पूरे दिन आयोजित की जाएगी। जबकि इस आयोजन से मरीजों में उत्साह व्याप्त है। बता दें कि डुमरांव के साथ ही दियारा क्षेत्र में चर्म रोगियों की संख्या अधिक है। हाल के दिनों में कई शोधों में भी इस बात की जानकारी मिली है कि दियारा क्षेत्र में पानी में आर्सेनिक की मात्रा के चलते चर्म रोगियों की संख्या बढ़ते जा रही है। ऐसे में इस शिविर के आयोजन से वैसे मरीजों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## छोटी खबरें

### मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा, मनमानी का लगाया आरोप



**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने अपने ही पंचायत के मुखिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मोर्चा खोलने वाले वार्ड सदस्यों ने मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि पर मनमानी का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में वार्ड सदस्यों ने मुखिया प्रतिनिधि द्वारा विकास कार्यों व योजनाओं के चयन में मनमानी किए जाने, कार्यकारणी की बैठक बुलाए बिना ही योजना का चयन कर राशि खर्च किए जाने, पंचायत में अभी तक एक भी वार्ड कार्यान्वयन समिति का खाता बैंक में नहीं खोले जाने, पूछे जाने पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपमानित किए जाने समेत अन्य आरोप लगाए हैं। वार्ड सदस्यों ने बताया कि मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि के मनमानी की शिकायत वे डीएम को भी आवेदन देकर करेंगे। मुखिया के खिलाफ शिकायत करने वालों में पंचायत के 15 वार्ड सदस्य में से 13 शामिल थे। जिनमें अनिल कुमार तुरहा, उर्मिला देवी, संगीता देवी, अशोक गिरी, अयोध्या शर्मा, प्रभावती देवी, रिंकी देवी, सूर्यमुखी देवी शामिल थी। उप मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मुखिया सोनी देवी व उनके पति नंदकुमार सिंह के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ से इनके कार्यशैली की जांच कराकर उचित करवाई करने की गुहार लगाई है।

### जदयू के राजपुर प्रखंड इकाई का चुनाव संपन्न, फुटूचंद बने अध्यक्ष

**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभा कक्ष में बुधवार को बिहार प्रदेश जदयू के निर्देश पर जदयू प्रखंड इकाई का गठन कर नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसके लिए सभी पंचायतों से सैकड़ों की तादाद में पहुंचे कार्यकताओं ने पार्टी की मजबूती एवं संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पार्टी विकास कर रही है। आने वाले दिनों में पार्टी को हर पंचायत के बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। सरकार के तरफ से संचालित सभी योजनाओं को ग्रामीणों से अवगत करायेंगे। प्रखंड अध्यक्ष के लिए फुटूचन्द कुशवाहा एवं सत्येंद्र कुशवाहा का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर निर्विरोध पुनः दूसरी बार फुटूचन्द कुशवाहा को अध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया गया। चुनाव बाद सभी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ नारेबाजी कर कहा कि पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों का विकास किया जाएगा। इस मौके पर बिहारी पासवान, काशीनाथ सिंह, सुकुल राम, शेषनाथ सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दयाशंकर सिंह, शैलेश ठाकुर, अभय मौर्य, दीनदयाल कुशवाहा, केशनाथ राम, भीम राम, रामावतार राम, दुर्गावती देवी, लक्ष्मीना देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

### मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने खोला मोर्चा, मनमानी का लगाया आरोप

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा पंचायत के वार्ड सदस्यों ने अपने ही पंचायत के मुखिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मोर्चा खोलने वाले वार्ड सदस्यों ने मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि पर मनमानी का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में वार्ड सदस्यों ने मुखिया प्रतिनिधि द्वारा विकास कार्यों व योजनाओं के चयन में मनमानी किए जाने, कार्यकारणी की बैठक बुलाए बिना ही योजना का चयन कर राशि खर्च किए जाने, पंचायत में अभी तक एक भी वार्ड कार्यान्वयन समिति का खाता बैंक में नहीं खोले जाने, पूछे जाने पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर अपमानित किए जाने समेत अन्य आरोप लगाए है। वार्ड सदस्यों ने बताया कि मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि के मनमानी की शिकायत वे डीएम को भी आवेदन देकर करेंगे। मुखिया के खिलाफ शिकायत करने वालों में पंचायत के 15 वार्ड सदस्य में से 13 शामिल थे। जिनमें अनिल कुमार तुरहा, उर्मिला देवी, संगीता देवी, अशोक गिरी, अयोध्या शर्मा, प्रभावती देवी, रिंकी देवी, सूर्यमुखी देवी शामिल थी। उप मुखिया अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मुखिया सोनी देवी व उनके पति नंदकुमार सिंह के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ से इनके कार्यशैली की जांच कराकर उचित करवाई करने की गुहार लगाई है।

### राजपुर प्रखंड जदयू का चुनाव संपन्न, फुटूचंद कुशवाहा बने अध्यक्ष

**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभा कक्ष में बुधवार को बिहार प्रदेश जदयू के निर्देश पर जदयू प्रखंड इकाई का गठन कर नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसके लिए सभी पंचायतों से सैकड़ों की तादाद में पहुंचे कार्यकताओं ने पार्टी की मजबूती एवं संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पार्टी विकास कर रही है। आने वाले दिनों में पार्टी को हर पंचायत के बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। सरकार के तरफ से संचालित सभी योजनाओं को ग्रामीणों से अवगत करायेंगे। प्रखंड अध्यक्ष के लिए फुटूचन्द कुशवाहा एवं सत्येंद्र कुशवाहा का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर निर्विरोध पुनः दूसरी बार फुटूचन्द कुशवाहा को अध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया गया। चुनाव बाद सभी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ नारेबाजी कर कहा कि पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों का विकास किया जाएगा। इस मौके पर बिहारी पासवान, काशीनाथ सिंह, सुकुल राम, शेषनाथ सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दयाशंकर सिंह, शैलेश ठाकुर, अभय मौर्य, दीनदयाल कुशवाहा, केशनाथ राम, भीम राम, रामावतार राम, दुर्गावती देवी, लक्ष्मीना देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# सभी प्रखंडों में चिकित्सक वार निर्धारित करें पुरुष नसबंदी का लक्ष्य : डीएम

- जिलाधिकारी अमन समीर ने हरी झंडी दिखाकर सारथी रथ किया रवाना
- जिले में चार दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का किया जाएगा आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से 14 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसके प्रचार प्रसार के लिए जिलाधिकारी अमन समीर तथा सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सारथी रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। इस सारथी रथ के माध्यम से पंचायतों, गांवों और वार्डों में परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी, सुखी परिवार हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र पर लड़की की शादी, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई एवं स्वच्छता का महत्व इत्यादि विषयों पर जन जागरण हेतु प्रचार प्रसार किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि वो जिले में पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए विशेष रणनीति अपनाएं। इसके लिए सिविल सर्जन सभी प्रखंडों में चिकित्सक वार पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित करें। साथ ही, इस अभियान में सहयोगी विभागों और संस्थाओं की मदद लें। ताकि अधिक से अधिक पुरुष नसबंदी को सुनिश्चित किया जा सके।

**सारथी रथ के साथ रहेंगी आशा कार्यकताएं :** सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने जिलाधिकारी को बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के अवसर पर इस प्रकार का रथ जिले के प्रत्येक प्रखंड में चलाया जा रहा है। रथ को विशेष रूप से प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सारथी रथ के ऊपर आशा कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि योग्य दंपतियों खासकर पुरुषों को परिवार नियोजन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके तथा जो लाभार्थी परिवार नियोजन की अस्थाई विधियों यथा गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम इत्यादि अपनाने के लिए इच्छुक हैं उन्हें हाथों-हाथ सुविधा प्रदान की जा सके। इसके अलावा रथ पर माइकिंग की व्यवस्था की गई है। जिसके माध्यम से परिवार नियोजन के लिए संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इच्छुक लाभार्थियों को अभियान चलाकर उनकी इच्छा अनुसार गर्भनिरोधक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खासकर परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए

CMYK

## फटाफट खबरें

### दुर्घटना में एक की मौत, दो जख्मी

**बलिया।** बेरुआरबारी-बांसडीह मुख्य मार्ग पर धर्मकाटा के समीप बुधवार की देर शाम किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों की सहायता से उन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के बेरुआरबारी के धनीधरा गांव निवासी जितेंद्र कुमार गोड, आनंद शुक्ला व होमगार्ड श्रीनाथ शुक्ला ड्यूटी से घर लौट रहे थे। इसी बीच, सामने से रहे अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घायल आनंद शुक्ला व उनके बेटे श्रीनाथ शुक्ला का उपचार चल रहा है।

### स्पर्शाघात से किसान की मौत

**मऊ।** जिले के हलधरपुर थाना अंतर्गत छतरपुर गांव में गुरुवार की सुबह खेत की सिंचाई के दौरान विद्युत स्पशार्घात से किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के स्व. लालचंद मौर्य के बेटे हनुमान मौर्य के रूप में की गई। जो गुरुवार की अहले सुबह खेत में सिंचाई कर रहे थे। जहां ऊपर से एलटी लाइन गई थी। उसी तार में से एक फेज लाइन जमीन पर गिरा था। जिसकी चपेट में आने से हनुमान बुरी तरह झुलस गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें लेकर अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन, बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पति की मौत की खबर मिलने के बाद संगीता मौर्य दहाड़े मारकर रोने लगी। मृतक के दो बच्चे हैं, जिसमें एक लड़का तथा तीन बर्ष की एक पुत्री है।

### वृद्ध ने लगाई फांसी

**मऊ।** जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के धर्मसीपुर गांव में बुधवार की शाम एक वृद्ध ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उस वक्त परिवार का कोई सदस्य घर पर नहीं था। इनके चार बेटे हैं। बड़ा पुत्र घर पर रहता है और बाकी तीन बेटे बाहर रहते हैं। मामले की सूचना पाकर मौके पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने शव को उतारा। पुलिस शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जाता है कि रामबदन राम घर निगरानी करने के लिए घर पर ही थे। रामबदन की पत्नी और बहू धान की कटाई करने चली गई थी। कटाई करने के बाद जब सास बहू घर आई और दरवाजा खोला, तो देखा कि रामबदन का शव फांसी के फंदे से लटका है। सास बहू चित्कार सुन पास पड़ोस के ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

### मिली राहत : धनबाद के चर्चित कोयला व्यवसायी हत्याकांड में बाइज्जत बरी हुए रविशंकर सिंह

# 26 साल की लंबी सुनवाई के बाद बरी हुए विधान परिषद सदस्य, पहुंचे घर

- 26 मई, 1996 को हुई संजय सिंह की हत्या, कृष्णा सिंह नेर दर्ज करायी थी प्राथमिकी
- रविशंकर सिंह ने कहा
- सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं

**केटी न्यूज/बलिया**



कोर्ट के बाहर अधिवक्ताओं को धन्यवाद देते रविशंकर सिंह

विधान परिषद सदस्य रविशंकर सिंह पप्पू आज धनबाद के चर्चित संजय सिंह हत्याकांड मे बाइज्जत बरी होने के बाद बलिया कासिम बाजार स्थित आवास पर पहुंचे। जहां पर गर्म जोशी से उनके परिवार के सदस्य व सैकड़ों की संख्यां में जुटे समर्थकों ने स्वागत किया। समर्थकों के प्यार और स्नेह ने रविशंकर सिंह को भावुक कर दिया। इस अवसर पर रविशंकर सिंह ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित नहीं। सत्यमेव जयते... ईश्वर के घर देर है, अंधेर नहीं।

साज़िशें नाकामयाब हुई और न्यायकी जीत हुई। हमें माननीय न्यायालय पर पूरा विश्वास था। संजय सिंह हमारे अजीज मित्र थे, पर साजिश रचकर हमें ही फंसा गया। लेकिन, न्यायालय से हमें इंसाफ मिला। जिसके लिए सभी मित्रों, शुभचिन्तकों, सहयोगी गण का बहुत बहुत आभार। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिरुद्ध सिंह दीपक सिंह, आलोक सिंह झुनझुन, मनोज सिंह, तेजा सिंह, अमित सिंह बघेल, विवेक सिंह, जितेंद्र सिंह, पिंकू सिंह, दिनबन्धु सिंह, करण सरावगी, विशाल माहेश्वरी, घनश्याम सिंह, धनंजय कुंअर, अनिल वर्मा, सम्राट सिंह, अजय सिंघाल, गुड्डू सिंह, शशी दुबे आदि मौजूद रहे।

### सीआईडी ने सुरेश सिंह व पप्पू सिंह को दी थी क्लीनचीट

बताया जाता है कि 26 मई, 1996 को संजय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।
कृष्णा सिंह के फर्द बयान पर प्राथमिकी सुरेश सिंह एवं पप्पू सिंह के विरुद्ध दर्ज की गई थी। सीआईडी ने सुरेश सिंह व पप्पू सिंह को क्लीनचीट दी थी एवं रामाधीर सिंह समेत अन्य पर आरोप पत्र दायर किया था। परंतु पुलिस ने सुरेश सिंह को इस मामले में आरोपी बनाया था। बतातें हैं कि रामाधीर सिंह इस मामले में 22 मार्च 18 को बरी किए जा चुके थे। रिहाई के बाद मीडिया से बात करते हुए रवि शंकर सिंह ने कहा कि मैं निर्दोष था षड्यंत्र के तहत मुझे फंसाया गया मुझे न्यायालय से न्याय मिला है। संजय के हत्यारे अभी भी बाहर घूम रहे हैं ऊपर वाला उसका न्याय करेगा।

### आरोप साबित नहीं कर पाया वादी पक्ष

कोयला कारोबारी संजय सिंह की हत्या के चर्चित मामले मे 26 वर्ष तक चली लंबी सुनवाई के बाद 16 नवंबर को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखलेश कुमार की अदालत ने आरोपी पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह के नाती व बलिया के भाजपा विधायक पप्पू सिंह उर्फ रवि शंकर सिंह को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा संजय सिंह की हत्या हुई पर किसने की यह अभियोजन साबित नहीं कर सका। बचाव पक्ष की ओर से वरीय अधिवक्ता जया कुमार ने बचाव में दलील पेश की। 23 जनवरी 19 को पप्पू सिंह के खिलाफ अदालत ने हत्या का आरोप तय कर सुनवाई शुरू की थी। सुनवाई के दौरान मात्र तीन गवाह पुष्पा सिंह, कृष्णा सिंह व कांड के अनुसंधानकर्ता अशोक कुमार सिंह ने अपना अदालत में बयान दर्ज कराया था। पुष्पा सिंह व कृष्णा सिंह ने इस मामले में पप्पू सिंह की संलिप्तता नहीं बताई थी।

## प्रेमिका को मुंबई ले जाकर मंदिर में की शादी, फिर गांव लाकर छोड़ा



- सैदपुर पुलिस ने पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के सैदपुर कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण एवं लम्बित विवेचनाओं में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के पर्यवेक्षण में उ.नि. अशोक कुमार ओझा अपने हमराहियों के द्वारा मुकदमे में वांछित अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र पन्नालाल निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना सैदपुर को औड़िहार तिराहा सैदपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसमें अभियुक्त सोनू कुमार के द्वारा अपने ही गांव के एक लड़के के घर पर अक्सर आता- जाता था। करीब दो साल से उसकी बहन से बातचीत कर रहा था। इससे दोनों की दोस्ती हो गई और वह दोनों रात को अक्सर गांव के आस-पास खेत में मिला करते थे। दोनों के बीच काफी करीबी रिश्ते कायम हो गए थे। इससे लड़की गर्भवती हो गई और फिर लोक लाज की डर से दोनों मुंबई चले गए। वहां पर दोनों एक दूसरे को पति-पत्नी मानकर मन्दिर में शादी कर लिए और पति -पत्नी की तरह रहने लगे। बाद में घरवालों ने अभियुक्त के जरिए मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि तुम्हारे खिलाफ सैदपुर कोतवाली में मुकदमा लिख गया है। तब अभियुक्त पीड़िता को साथ लेकर गाँव के पास छोड़ दिया और इधर- उधर लुकछिप कर रहने लगा, जो आज रात में औड़िहार रेलवे स्टेशन पर रूका था और भोर में ही गाँव की तरफ जा रहा था कि सैदपुर पुलिस द्वारा समय गिरफ्तार कर लिया गया।

## निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज ठेकेदार को नोटिस जारी, वसूली का दिया आदेश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



निरीक्षण करती डीएम व अन्य

डीएम आर्यका अखौरी ने गुरुवार को निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज से संबद्ध 300 बेड ट्रेनिंग अस्पताल गोराबाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में कई जगह कमियां पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी कर वसूली का निर्देश दिया। डीएम ने निरीक्षण में निर्माण कार्य बंद पाए जाने पर इसका कारण भी पूछा। कार्यदायी संस्था द्वारा माह फरवरी 2023 तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर को अपने सुपरविजन मे मजदूरो की संख्या बढाकर कार्य कराने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा0 आन्नद मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ. हरगोविन्द, संबन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं अन्य संबन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवागत एसपी ने स्कूली बच्चों को दी यातायात के नियमों की जानकारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रदेशभर में ट्रैफिक नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने में पुलिस अफसर रात -दिन जुटे हैं। इसके तहत जनपद में भी यातायात जागरूकता कार्यक्रम एक के बाद एक आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए रजदेपुर स्थित महात्मा ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल में बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। नवागत पुलिस कप्तान ने छात्रों से यातायात नियमों का पालन खुद करने व उनके माता-पिता को इन नियमों का पालन करवाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने यातायात नियमों से संबंधित सवाल भी पुलिस अधीक्षक से किया।

जिसका जवाब उनके द्वारा दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न पुलिस हेल्पलाइन नंबरों को वहां उपस्थित छात्र -छात्राओं को बताया गया। साथ ही उसके प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने साइबर अपराध तथा उससे बचने के उपायों एवं सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करने के लिए भी बच्चों को जागरूक किया गया।

## छोटी खबरें

### लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने पर ही जीवन में हो सकते हैं सफल: जिलाधिकारी



**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया। संवाद का विषय 'अपना लक्ष्य कैसे निर्धारित करें और उसे कैसे प्राप्त करें?' था। संवाद का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच इस भावना को जगाना था कि वर्तमान पीढ़ी बहुत ही ऊजार्वान है और वह कुछ भी करने में सक्षम है। विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी से उनके छात्र जीवन और प्रशासनिक जीवन के अनुभव को जाना और उनसे प्रेरणा प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफल तभी बना जा सकता है, जब हम अपने लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते है। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यदि आप सभी अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं तो उसके लिए अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रखें। उन्होंने कहा कि अपने विद्यार्थी जीवन के दौरान उन्होंने इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़कर सिविल सर्विसेज की तैयारी की और प्रथम प्रयास में ही आईएएस ऑफिसर बनीं। उन्होंने कहा कि आईएएस बनने में उनके माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि परिवार का आपके प्रति विश्वास और भरोसा आपको ऊजार्वान बनाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमें अपनी कमजोरियों को भी जानना चाहिए क्योंकि कमजोरियां से ही हम सीखते हैं और अपने जीवन को और बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं । विद्यार्थियों से जिलाधिकारी ने कहा कि बचपन में हमें यह पता नहीं होता है कि हमारा लक्ष्य क्या है? लेकिन जैसे जैसे हम बड़े होते जाते हैं हमें अपनी योग्यता और लक्ष्य के प्रति गंभीर होने लगते हैं।

### चोरी के आभूषण के साथ एक ठग गिरफ्तार



**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाने की पुलिस ने एक ठग को चोरी के चांदी के पायल के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी व एएसपी के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया गया है। इसके तहत क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के क्षेत्र भ्रमण के दौरान बखरियाडीह बांध में देखभाल कर रहा था। तभी मुखबीर की सूचना पर बखरियाडीह बांध से अभियुक्त राकेश कुमार तिवारी पुत्र नागेंद्र तिवारी निवासी बनकीखाल थाना उचका गांव जनपद गोपालगंज बिहार को ठगी के एक पायल के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### भीड़ के मद्देनजर 18 नवंबर को चलाई जाएगी डाउन बलिया-गुवाहाटी एक्सप्रेस ट्रेन

**बलिया।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए एकल यात्रा के लिए विशेष गाड़ी सं-05084 बलिया-गुवाहाटी का संचलन 18 नवंबर को एक ट्रिप में किया जायेगा। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के संबंध में समय-समय पर जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। विशेष गाड़ी सं-05084 बलिया-गुवाहाटी शुक्रवार को बलिया से 07:00 बजे प्रस्थान कर छपरा जं से 09:00 बजे, हाजीपुर से 10:20 बजे, शाहपुर पटोरी से 11:32 बजे, बरौनी से 14:10 बजे, खगड़िया से 15:12 बजे, कटिहार से 19:20 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी से 22:25 बजे दूसरे दिन न्यू बोंगाई गांव से 03:32 बजे तथा कामख्या से 07:12 बजे छुटकर 08:30 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी की संरचना में सामान्य श्रेणी के सात, स्लीपर श्रेणी के नौ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के दो एवं एसएलआरडी श्रेणी के दो कोचों समेत 20 कोच लगाए जाएंगे।

### जिले के विभिन्न प्रखंडों के 80 किसानों के बीच 1551 आम के पौधों का किया गया वितरण

**गाजीपुर।** रेवतीपुर स्थित पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय ने आम के विभिन्न प्रजातियों के 80 किसानों में 1551 पौधों का वितरण किया गया। इस बीच पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कहा कि प्रकृति हमारी मां है। मां से छेड़छाड़ करना अपने अस्तित्व को समाप्त करना है। साथ ही उन्होंने किसानों को जीवन में पेड़- पौधों की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह जंगलों का खत्म होना है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रदूषण को खत्म किया जा सकता है। साथ ही आम के पौधों से अच्छे उत्पादन कर इसे व्यवसायिक खेती के तौर पर बढावा दिया जा सकता है।

## नपा की अवैध वसूली की जांच में सीजेएम ने सदर एसडीएम को किया तलब

**केटी न्यूज/बलिया**




बलिया सिविल कोर्ट

आख्या प्रस्तुत करने में लापरवाही बरतने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरिशचंद्र की अदालत ने 26 नवंबर को सदर एसडीएम प्रशांत नायक को कोर्ट में तलब किया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने न्यायालय के बाहर वाहन स्टैंड पर वाहने खड़ा करने वालों से नगर पालिका द्वारा अवैध पैसा वसूली किए जाने को लेकर सीजेएम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था। जिसके परिप्रेक्ष्य में सीजेएम ने सदर एसडीएम से मामले की जांच कर जांच आख्या मांगी थी, लेकिन सदर एसडीएम ने लापरवाही बरतते हुए 20 अक्टूबर बीत जाने के बावजूद अभी तक जांच आख्या न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया और कोर्ट के आदेश की अवहेलना की। ऐसे में सीजेएम न्यायालय ने उन्हें तलब किया है।

बताया जाता है कि सिविल कोर्ट के बाहर स्थित वाहन स्टैंड में वाहन खड़ा करने पर कोई शुल्क नहीं लगता है। लेकिन तत्कालीन नगर पालिका ईओ दिनेश विश्वकर्मा, नपा अध्यक्ष अजय कुमार सहित नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप फर्जी रसीद बनाकर वाहन स्टैंड पर वाहन खड़ा करने वालों से पैसा वसूला जाता था। इसी को लेकर अधिवक्ता मनोज राय हंस बीते 17 अगस्त 2021 को सीजेएम कोर्ट में वाद प्रस्तुत किया था। जिसके बाद सीजेएम न्यायालय ने सदर एसडीएम को मामले की जांच सौंपते हुए जांच रिपोर्ट तलब किया था, लेकिन सदर एसडीएम द्वारा जांच आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। इधर सीजेएम न्यायालय ने पिफर से समय देते हुए 20 अक्टूबर को जांच आख्या तलब किया था, लेकिन समय बीत जाने के बावजूद सदर एसडीएम ने जांच आख्या प्रस्तुत नहीं किया। ऐसे में सीजेएम न्यायालय ने आगामी 26 नवंबर को सदर एसडीएम को कोर्ट में तलब किया है।

## खिड़की का ग्रिल काटकर घर के अंदर घुसे चोर, लाखों का आभूषण उड़ाया

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जांच करते पुलिस अधिकारी

जिले के रेवतीपुर थाना क्षेत्र के टौंगा गांव में बीते बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने प्रीति पत्नी प्रभाष उपाध्याय के घर के पिछले हिस्से में खिड़की के लोहे का ग्रिल काटकर घर के अंदर कमरे में प्रवेश कर गए। फिर बक्सा, अटैची सहित गोदरेज की आलमारी तोड़कर उसमें रखे सोने के पांच भर की चार अगूंठी, एक हार, दो चैन, दो नाक की बिछिया, कान का दो झूमका आदि सोने के लाखों का आभूषण ले गए। इसके अलावा चार बेशकीमती साडी व गोल्लक में रखा दो हजार नगदी लेकर चोर पुनः खिड़की के सहारे फरार हो गए। घटना की जानकारी परिजनों को भोर में करीब तीन बजे हुई। देखा कि खिड़की का ग्रिल काटा गया है और कमरे के अंदर पूरा समान विखरा पडा। इसकी जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड इकट्ठी हो गई।

पीड़ित प्रीति उपाध्याय ने बताया कि वह अपने बच्चों को लेकर गाजीपुर रहती हैं। सूचना पर वह गुरुवार को गांव पहुंची थी। बताया कि इस चोरी में करीब तीन लाख के आभूषण अज्ञात चोरों के द्वारा ग्रिल काटकर चोरी किया गया है। सूचना पर उपनिरीक्षक शहीर सिद्दीकी, डायल 112 के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।उधर पीड़ित प्रीति उपाध्याय ने थाने में कई अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। इस संम्बध में थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है। जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

# जीवन की क्षणभंगुरता का पर्याय है कि भजन समय निर्धारित नहीं

- रामकथा के दूसरे दिन शिव विवाह की कथा का वर्णन किया
- शिव-पार्वती विवाह की प्रासंगिक कथा को सुनकर आनंदित हुए श्रोता

**केटी न्यूज/मऊ**



प्रवचन करतीं मानसवक्ता दिव्यांशी

जिला मुख्यालय स्थित रेलवे स्टेशन पर अवस्थित दिव्य व ऐतिहासिक कालीमंदिर पर प्रति वर्ष की भांति इस बार भी प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम जी की कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें ब्रह्मावर्त बिठूरधाम कानपुर उत्तरप्रदेश से पधारीं, उभरती हुई सरसकथा मानसवक्ता दिव्यांशी जी ने रामकथा के दूसरे दिन शिव विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक दिव्यांशी जी ने पार्वती जी के छोटी उम्र में तप और भजन करने के प्रसंग को श्रोताओं के समक्ष रखते हुए कहा कि व्यक्ति को समय रहते भजन में लग जाना चाहिए। क्योंकि जीवन का कोई पता नहीं, जीवन की क्षणभंगुरता इस बात की पर्याय है कि भजन करने का जो समय मिले, वहीं उचित है। क्योंकि बुढ़ापे में भजन नहीं हो पाते। उस समय शरीर में व्याधि उत्पन्न हो जाती है। इस प्रसंग के माध्यम से दिव्याशीजी ने कहा कि व्यक्ति को जीने का तरीका तब आता है, जब उसका जीवन चला जाता है। इसलिए कथा के माध्यम से हम अपने जीवन की सार्थकता को समझें और समय के साथ अपने जीवन को भक्ति के क्षेत्र में और भजन के क्षेत्र में समर्पित करें।

इससे पूर्व मानस पूजन के साथ आरंभ हुई कथा में सती के द्वारा प्रभु श्रीराम की परीक्षा लेने के कारण भगवान शिव ने सती का त्याग कर दिया। लेकिन मरते हुए सती ने यही प्रार्थना की कि मुझे प्रत्येक जन्म में शिव ही पति रूप में मिलें। उसके पश्चात उनका जन्म हिमाचल के यहां हुआ और उन्होंने अपने त्याग और तपस्या से भगवान शिव को पति रूप में पाया। उसके पश्चात उन्होंने ने भगवान शिव और पार्वती की विवाह की रोचक और प्रासंगिक कथा को श्रोताओं के समक्ष रखा। जिसे सुनकर श्रोता आनंदित हो गए, और शिव विवाह के अनेक रोचक प्रसंगों पर कई बार श्रोताओं के चेहरे पर एक अलग सी चमक देखने को मिली। इस अवसर पर कई भजनों और प्रसंगों के माध्यम से संत ने मानस का महत्व, जीवन का सार श्रोताओं के समक्ष रखा। राम कथा में क्षेत्रके विभिन्न ग्रामों से अनेक भक्त जनों का आने का सिलसिला आरंभ है। साथ ही आसपास के गांव से सैकड़ों भक्त राम कथा सुनने आ रहे हैं। द्वितीय दिवस की राम कथा के अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश मिश्रा जिला महामंत्री भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि जय हिंद यादव बिंदु हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर, वरिष्ठ पत्रकार विनोद ,ग्राम प्रधान जय किशोर गुप्ता, निलेश सिंह , प्रमोद, अंगद, अमित मौर्या, पंकज, पुनीत, गोल्डी, ठाकुर गौड़, राहुल शर्मा, विश्वंभर , कर्ण प्रताप सिंह उर्फ कुन्नू, दयाशंकर उर्फ लाल इत्यादि उपस्थित थे।